>

Title: Need to provide funds for development of Chitrakoot in Madhya Pradesh and set up a Development Board for Chitrakoot-laid.

श्री गणेश सिंह (सतना): मैं पर्यटन मंत्री जी का ध्यान चित्रकूट जहां भगवान श्रीराम ने 11 वर्ष अपने वनवास के बिताये थे, की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । राम पथ गमन अयोध्या से चित्रकूट तक सीधा सड़क मार्ग 84 कोसी परिकमा भगवान कामतानाथ परिकमा, गुप्ता गोदावरी, सती अनुसुइया, हनुमान धारा, पवित्र मंदाकिनी गंगा जैसी तीर्थ स्थलों के दर्शन हेतु वर्ष में करोड़ों लोग आते हैं । इन क्षेत्रों के विकास के लिए आपके मंत्रालय द्वारा लागू की गई योजनाएं जैसे प्रसाद योजना, भारत दर्शन योजना, रामायण पथ योजना आदि के तहत चित्रकूट के समय विकास के लिए आवश्यक धनराशि की मांग लम्बे समय से की जाती रही है, जो हिस्सा चित्रकूट का उत्तर प्रदेश में है वहां के विकास के लिए पूर्व में राशि दी गई थी, किन्तु मध्य प्रदेश सतना जिले के अंतर्गत 75 प्रतिशत हिस्से को कुछ भी नहीं दिया गया ।

मैं मांग करता हूं कि चित्रकूट के समय विकास के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराया जाए तथा राज्य ने जो प्रस्ताव भेजा है उसकी जल्द स्वीकृति कराई जाए ।

माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि चित्रकूट तीर्थ स्थल जो 2 जिलों तथा 2 प्रांतों में स्थित है वहां के प्रसिद्ध संतों की इच्छा है कि भारत सरकार दोनों राज्यों से बात करके एक संयुक्त विकास प्राधिकरण का गठन करें ।